# भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2020-21)

| | | |
|---|---|---|
| **कक्षा-दसवीं** (२०२०-२०२१) | **विभाग: हिंदी** | **Date – 10-06-2020** |
| **कार्य-पत्रिका संख्या: 7** | **विषय: व्याकरण (पदबंध एवं समास)** | **Note: Pl. file in portfolio** |

**नाम: ______________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: __________**

## पदबंध

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अंशों के पदबंध का नाम विकल्प में से चुनकर लिखिए:

1. **प्यास का मारा कौआ** घड़े पर बैठ गया। रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

2. नदी **कल-कल करती हुई** बह रही है। रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

3. **मेरा बड़ा बेटा** पेरिस जा रहा है। रेखांकित पदबंध का नाम है:
(क) क्रिया विशेषण पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

4. **इतनी लगन से काम करने वाला मैं** असफल नहीं हो सकता। रेखांकित का पदबंध है:
(क) क्रिया पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

5. **भागते हुए चोरों में से कुछ** पकड़ लिए गए। रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

6. **पार्क में लगा ऊँचा खंभा** आंधी में गिर गया। रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया-विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

7. कछुआ **बिना रुके निरंतर** चलता रहा। रेखांकित पदबंध का भेद है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

8. नीचे दिए गए पदबंध के लिए उचित विकल्प वाला वाक्य छाँटकर लिखिए:
**प्रश्न – सर्वनाम पदबंध**
(क) मेहनत करने वाले ज़रूर सफल होते हैं। (ख) मेहनत करने वाले छात्र सफल होते हैं।
(ग) मेहनती छात्र! तुम कब आए? (घ) मेहनत करने वाले तुम कौन हो?

9. **विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना करने वाले आप** अवश्य सफल होंगे।–रेखांकित में पदबंध है:
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

10. तताँरा **एक सुंदर और शक्तिशाली** युवक था। रेखांकित पदबंध है –
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:**

11. '**वह हिंदी लिख-बोल सकता है**।' में क्रिया पदबंध है:
(क) है (ख) सकता है (ग) बोल सकता है (घ) लिख-बोल सकता है

12. '**<u>गाँव के बाहर</u>** आम का बाग़ है।' वाक्य में रेखांकित का पदबंध है:

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया-विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

13. ओचुमेलॉव मुड़ा और **<u>भीड़ की तरफ़</u>** चल पड़ा। – रेखांकित पदबंध है:

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) क्रिया-विशेषण पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

14. "**<u>सदैव जल से भरी रहने वाली नदी यहाँ बहती है</u>**।" – वाक्य में संज्ञा पदबंध है:

(क) सदैव जल से (ख) भरी रहने वाली

(ग) जल से भरी रहने वाली (घ) जल से भरी रहने वाली नदी

15. '**<u>परिश्रमी व्यक्ति</u>** सफल होते हैं।' में रेखांकित पदबंध है:

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

16. '**<u>मानव ईश्वर की सुंदरतम और सर्वश्रेष्ठ रचना है</u>**।' वाक्य में विशेषण पदबंध है:

(क) मानव ईश्वर की (ख) सुंदरतम और सर्वश्रेष्ठ

(ग) सुंदरतम और सर्वश्रेष्ठ रचना (घ) ईश्वर की सुंदरतम रचना

17. '**<u>सिंह जैसे वीर</u>** तुम इन तुच्छ लोगों से भयभीत हो?' – वाक्य में रेखांकित पदबंध है:

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) संज्ञा पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

18. '**<u>विद्यालय की तरफ़ मंदिर है</u>**।' – वाक्य में अव्यय पदबंध है:

(क) विद्यालय की (ख) मंदिर है (ग) की तरफ़ (घ) विद्यालय की तरफ़

## <u>समास</u>

1. **<u>गुरुदक्षिणा</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) गुरु की दक्षिणा (ख) गुरु के लिए दक्षिणा

(ग) गुरु को दी गई दक्षिणा (घ) गुरु और दक्षिणा

2. '**<u>पर के अधीन</u>**' का समस्त पद है:

(क) परअधीन (ख) पराधीन (ग) पाराधीन (घ) परोधीन

3. किस समस्त पद में **कर्मधारय समास** है?

(क) वनवास (ख) आजन्म (ग) आपबीती (घ) कालीमिर्च

4. **<u>अकालपीड़ित</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) अकाल का पीड़ित (ख) अकाल से पीड़ित

(ग) अकाल के लिए पीड़ित (घ) अकाल को पीड़ित

5. '**<u>नीला है जो कंठ</u>**' का समस्त पद है:

(क) नीलाकंठ (ख) नीलकंठ (ग) कंठनीला (घ) नीलकंठा

6. किस पद में **तत्पुरुष समास** है?

(क) अधपका (ख) आमरण (ग) चक्रधर (घ) जलधारा

7. **<u>देशभक्ति</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) देश और भक्ति (ख) देश में भक्ति

(ग) देश की भक्ति (घ) देश के लिए भक्ति

8. '**<u>कमल के समान नयन</u>**' का समस्त पद है:

(क) नयन रूपी कमल (ख) नयन का कमल

(ग) कमलनयन (घ) कमलानयन

9. निम्न में से किस समस्त पद में **तत्पुरुष समास** है?

(क) लौहपुरुष (ख) मनमयूर (ग) रसोईघर (घ) देहलता

10. **<u>पुस्तकालय</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) पुस्तक और आलय (ख) पुस्तक के लिए आलय

(ग) पुस्तक का आलय (घ) पुस्तक से आलय

11. **<u>द्वारकाधीश</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) द्वारका में अधीश (ख) द्वारका को अधीश

(ग) द्वारका का अधीश (घ) द्वारका के लिए अधीश

12. '**<u>पीत है जो अंबर</u>**' का समस्त पद है:

(क) पीतम्बर (ख) पीतांबर (ग) पितांबर (घ) पीला अंबर

13. **<u>क्रीडाक्षेत्र</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) क्रीडा के लिए क्षेत्र (ख) क्रीडा में क्षेत्र (ग) क्रीडा और क्षेत्र (घ) क्रीडा से क्षेत्र

14. **<u>नीलगगन</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) नील में गगन (ख) नीला है जो गगन

(ग) गगन में जो नील (घ) गगन का नीलापन

15. **<u>वाचनालय</u>** समस्त पद का विग्रह है:

(क) वाचन में आलय (ख) वाचन को आलय

(ग) वाचन के लिए आलय (घ) वाचन का आलय

16. '**<u>नीला है जो कमल</u>**' का समस्त पद है:

(क) नीलाकमल (ख) नीलकमल (ग) नीलम-सा कमल (घ) कमलनील

**निम्नलिखित समस्तपदों के विग्रह और समास के नाम चुनिए:**

17. **<u>सेनापति</u>** – (क) सेना का पति–संबंध तत्पुरुष समास (ख) सेना के लिए पति–संप्रदान तत्पुरुष समास
(ग) सेना है जो पति–कर्मधारय समास (घ) सेना और पति–द्वंद्व समास

18. **<u>दिव्यदृष्टि</u>** –(क) दिव्य दृष्टि वाला–बहुव्रीहि समास (ख) दृष्टि की दिव्यता–संबंध तत्पुरुष समास
(ग) दिव्य और दृष्टि–द्वंद्व समास (घ) दिव्य है जो दृष्टि–कर्मधारय समास

**निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद और समास के नाम चुनिए:**

19.**<u>मन से गढ़ा</u>**–(क) मनगढ़ंत - करण तत्पुरुष समास (ख) मनः गढ़ंत - अव्ययीभाव समास
(ग) मनगढ़ - द्विगु समास (घ) मनोगढ़ंत - द्वंद्व समास

20. **<u>नियम के अनुसार</u>** –(क) बानियम - कर्मधारय समास (ख) यथानियम - अव्ययीभाव समास
(ग) बाक़ायदा - द्विगु समास (घ) नियम-नियम - द्वंद्व समास